530

दृष्टि The Vision

drishti

# GENERAL STUDIES (Test–23)

निर्धारित समय: तीन घंटे
*Time allowed: Three Hours*

## GSM (M-I)-2423

अधिकतम अंक: 250
*Maximum Marks: 250*

**Name:** Arun Kumar

**Mobile Number:**

**Medium (English/Hindi):** Hindi

**Reg. Number:**

**Center & Date:** Delhi (07/sep/2024)

**UPSC Roll No.** *(If allotted)*: 5417292

### प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:***

*इसमें **बीस** प्रश्न हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।*

*प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।*

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and **ENGLISH.***

*All the questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

केवल मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा भरा जाए *(To be filled by Evaluator only)*

| Question Number | Marks | Question Number | Marks |
|---|---|---|---|
| 1. | | 11. | |
| 2. | | 12. | |
| 3. | | 13. | |
| 4. | | 14. | |
| 5. | | 15. | |
| 6. | | 16. | |
| 7. | | 17. | |
| 8. | | 18. | |
| 9. | | 19. | |
| 10. | | 20. | |
| Grand Total ( सकल योग ) | | | |

मूल्यांकनकर्त्ता ( हस्ताक्षर )
*Evaluator (Signature)*

पुनरीक्षणकर्त्ता ( हस्ताक्षर )
*Reviewer (Signature)*

drishti | दृष्टि The Vision

# Feedback

1. Context Proficiency (संदर्भ दक्षता)
2. Introduction Proficiency (परिचय दक्षता)
3. Content Proficiency (विषय-वस्तु दक्षता)
4. Language/Flow (भाषा/प्रवाह)
5. Conclusion Proficiency (निष्कर्ष दक्षता)
6. Presentation Proficiency (प्रस्तुति दक्षता)

drishti | दृष्टि The Vision

1. भारत उच्च व्यापार घाटे की चुनौती का सामना कर रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का विश्लेषण कीजिये। (150 शब्द) 10

The challenge of a high trade deficit haunts India. Analyze its impact on the Indian economy. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार घाटे से ग्रस्त है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के अनुसार भारत का सर्वाधिक व्यापार घाटा चीन के साथ (100 B$) का बना हुआ है।

**व्यापार घाटे का कारण**

1. भारतीय उत्पादों की वैश्विक निर्यात में कम भागीदारी
2. भारत का निर्यात कुछ सीमित क्षेत्रों तक (पेट्रोलियम पदार्थ, कृषि)
3. विनिर्माण की जगह सेवा क्षेत्र का विकास (IT व सॉफ्टवेयर सेवाओं का निर्यात)
4. वैश्विक प्रतिस्पर्धा — चीन, बांग्लादेश, वियतनाम आदि देशों से
5. भारतीय मुद्रा का अवमूल्यन होना

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

→ भारतीय आयात में वृद्धि
- भारतीय मुद्रा का अवमूल्यन
- घाटे के वित्तपोषण हेतु ऋण लेना

ऋण लेना → ब्याज का बढ़ता बोझ (ब्याज अदायगी 23% सबसे बड़ी खर्च मद है) (आर्थिक सर्वे 2023) → विनाशात्मक व्यय पर प्रभाव

समाधान
- निर्यात गंतव्यों का विविधीकरण (अफ्रीका, यूरोप, आदि)
- विनिर्माण क्षेत्र में सुधार
- कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाना
- राष्ट्रीय औद्योगिक नीति 2022 तथा निर्यात नीति (2022) का प्रभावी प्रयोग

अतः बढ़ता व्यापार घाटा समग्र अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। भारत को इसका प्रभावी समाधान निकालना चाहिए

2. अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में कायाकल्प की संभावना को प्रकट किया था; हालाँकि वास्तविक तस्वीर निराशाजनक दिखती है। टिप्पणी कीजिये।

(150 शब्द) 10

The foundation of Anusandhan National Research Foundation promised an overhaul in the field of research, innovation and entrepreneurship in Indian universities; however, the real picture looks gloomy. Comment.

(150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

हाल ही में जारी QS world यूनिवर्सिटी रैंकिंग में Top 100 में भारत का कोई भी शिक्षण संस्थान शामिल नहीं था। टॉप 500 में भारत के तीन संस्थान IIT दिल्ली, IIT मुम्बई, IIT मद्रास ही थे। वैश्विक स्तर पर भारतीय शिक्षण संस्थाओं का खराब प्रदर्शन दर्शाता है।

UGC ने देश में शैक्षणिक संस्थाओं के सुधार हेतु (NRF) नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना का सुझाव दिया था

भारतीय विश्वविद्यालयों का खराब प्रदर्शन कारण

1. शोध व नवाचार हेतु पर्याप्त सरकारी व्यय का अभाव




2. ब्रेन ड्रेन की समस्या
3. विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम व औद्योगिक मांग के बीच अंतराल

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

4). नई शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं

5). शोध की गुणवत्ता व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कमी

6). विश्वविद्यालयों में बढ़ता राजनैतिक हस्तक्षेप

7). शोध अनुसंधान में छात्रों की कम रुचि
⇓
जल्दी रोजगार पाने का दबाव

- → ग्रेजुएट होने के बाद 57% छात्र रोजगार तलाशते हैं
- 13% छात्र ही पोस्ट ग्रेजुएशन में तथा (8-10%) PH.D में अप्लाई करते हैं

आगे की राह
1. रिसर्च व्यय को बढ़ाया जाए
2. ब्रेन ड्रेन को रोकने हेतु अनुकूल शैक्षणिक वातावरण व आजीविका सुरक्षा
3. उच्च शिक्षा में नामांकन हेतु कैलोरीज
4. अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से तालमेल
5. पेटेंट नियमों को सरल बनाना

अतः भारत ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बन जाए 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार कर सकता है

drishti | दृष्टि The Vision

3. राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं और इससे भारत के निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण पर किस प्रकार का प्रभाव प्रत्याशित है? (150 शब्द) 10

What are the key objectives of the National Green Hydrogen Mission, and how is it expected to impact India's transition to a low-carbon economy? (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत सरकार ने अपने ऊर्जा [illegible] को परिवर्तित करने के लिए बजट 2022 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की थी।

हरित हाइड्रोजन, जल के विद्युत अपघटन से उत्पादित $H_2$ ऊर्जा।

$$2H_2O \xrightarrow[\text{अपघटन}]{\text{विद्युत}} H_2\uparrow + O_2$$

उद्देश्य:
- ऊर्जा क्षेत्रक को विविधीकृत बनाना
- पेरिस जलवायु कार्यवाई लक्ष्यों को प्राप्त करना
- पंचामृत (INDC) लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु
- 500 GB नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्ति की ओर
- ऊर्जा आयात बोझ को कम करना
- 2070 शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

ऊर्जा संक्रमण की प्रासंगिकता

1) राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन अर्थव्यवस्था को डिकार्बोनाइज्ड करने का प्रभावी उपकरण हो सकता है

2. जल की उपलब्धता से ऊर्जा उत्पादन सतत व निर्बाध रूप से

3. परिवहन क्षेत्र को परिवर्तित करने की क्षमता
(उदा० लद्दाख में हाइड्रोजन बसों का संचालन

चुनौतियां
1. हाइड्रोजन बेहद ज्वलनशील व विस्फोटक पदार्थ है - भण्डारण व परिवहन चुनौती
2. उत्पादन हेतु संबंधित प्रौद्योगिकी की कमी व महंगी तकनीके
3. मौजूदा परिवहन इंधन में बदलाव
4. ईंधन दक्षता कम है पैट्रो ईंधन के मुकाबले

आगे की राह
- पर्याप्त शोध व अनुसंधान
- अंतर्राष्ट्रीय बेस्ट हाइड्रोजन प्रणालियों को अपनाना (उदा० जर्मन व चीनी तकनीक)
- भण्डारण क्षमताओं का विकास करना

अतः वर्ष 2030 के SDG लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु हाइड्रोजन मिशन परिवर्तनकारी रहेगा है

drishti | दृष्टि The Vision

4. भारत में कोयला क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है परंतु यह अभी भी सभी समस्याओं से मुक्त नहीं है। टिप्पणी कीजिये।

(150 शब्द) 10

Coal sector in India has shown great improvements but it is still not free from all problems. Comment.

(150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग (77% प्रतिशत) (आर्थिक सर्वेक्षण) कोयला से प्राप्त करता है। भारतीय कोयला निम्न गुणवत्ता होने की वजह से भारत आस्ट्रेलिया, रूस, चीन और देशों से कोयला आयात करता है।

कोयला क्षेत्र में सुधार :

1. कोयला खनन हेतु आवंटन प्रक्रिया में राज्यों की भागीदारी – पारदर्शिता बढ़ी है
2. जिला खनिज प्रतिष्ठान की मदद से कोयला आवंटन व खुली बोली (नीलामी) प्रक्रिया अपनाना
3. खदान कंपनियों के साथ राज्य की जगह लोगों का साझाकरण करना
4. निजी क्षेत्र की खनन कंपनियों हेतु 100% FDI की अनुमति
5. कोयला प्रदूषण रोकथाम हेतु
   - कोल गैस डिसल्फराइजेशन
   - कोल राख का उपयोग अवसंरचना निर्माण में

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

कोयला क्षेत्र की समस्याएँ
- आवंटन प्रक्रिया में राज्य सरकारों द्वारा पर्याप्त सहयोग न करना
- भ्रष्टाचार (उदा० पूजा सिंघल IAS द्वारा अवैध कोयला खनन को बढ़ावा देना)
- आदिवासियों का विस्थापन + विरोध (78.8% खानियों का खनन आदिवासी क्षेत्रों में)
- प्रदूषण नियंत्रण प्रक्रियाओं को न अपनाना (उदा० आधे से ज्यादा प्लांटों में डिसल्फराइजेशन फिल्टर तकनीक का अभाव

आगे की राह
- कोयला निलामी में पारदर्शिता लाना (Online कोयला निलामी)
- राज्यों के बीच समन्वय व सहयोग बढ़ाना
- आदिवासी अधिकारों का सम्मान करना

अतः भारत कोयला क्षेत्र में पर्याप्त सुधार करके ऊर्जा जरूरतों को पूर्ण करने के साथ-साथ संधारणीय विकास को बढ़ावा दे सकता है।

drishti | दृष्टि The Vision

5. कारखानों में दुर्घटनाओं में वृद्धि गंभीर चिंता का विषय है। स्पष्ट कीजिये कि निरीक्षण से संबंधित मुद्दों ने किस प्रकार इस समस्या को बढ़ाया है एवं स्थिति से निपटने के लिये कुछ प्रभावी उपाय संबंधी सुझाव प्रदान कीजिये। (150 शब्द) 10

The increase in the incidence of factory accidents raises serious concerns. Explain how issues related to inspection have contributed to the problem and suggest some effective measures to handle the situation.

(150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

हाल ही में NCRB द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि कारखाना व औद्योगिक दुर्घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है 70% से ज्यादा घटनाएं कारखानों के अंदर आगजनी से संबंधित हैं।

कारखाना दुर्घटनाओं के कारण

① पर्याप्त सुरक्षा मानकों पर ध्यान न देना
(उदा० विनिर्माण व इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन से जुड़े कारखानों के पास आग नियंत्रण उपाय का अभाव)

② अनौपचारिक सुरक्षा
(उदा० तमिलनाडु शिवकाशी पटाखा फैक्ट्री हादसा → सुरक्षा हेतु रखे अग्निशामक सामग्री की कमी)

③ कर्मचारियों की पर्याप्त सुरक्षा व बचाव संबंधित ट्रेनिंग नहीं

④ खराब व पुरानी अवसंरचना
(भारत में छोटे कारखानों में 30-40 वर्ष पुरानी मशीनें हैं) ~~तथा भवन संरचना~~

⑤ प्रशासनिक सुरक्षा अधिकारियों द्वारा पर्याप्त निरीक्षण नहीं
(उदा० दिल्ली में लगभग 60% कोचिंग संस्थान बेसमेंट में)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**सुझाव व उपाय**

- अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों को अपनाना (उदा० जर्मनी उद्योग सुरक्षा प्रणाली)
- राष्ट्रीय भवन संहिता कोड अपनाना
- कर्मचारियों को पर्याप्त ट्रेनिंग देना
- कारखानों में अलग से सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति करना
- अग्निशमन यंत्रों का इंतजाम
- अवसंरचना में परिवर्तन व सुधार करना
- प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण करना

अतः भारत कारखानों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करके धन-जन की हानि को रोक सकता है तथा आर्थिक संवृद्धि को गति दे सकता है।

6. सीमित संसाधनों वाले विश्व में वैश्वीकरण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी परस्पर संबंधित हैं। भारत के विशेष संदर्भ में स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द) 10

Globalization and emerging technology are interconnected in a resource-limited world. Elucidate with special reference to India. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वैश्वीकरण, सूचना संचार तकनीक तथा खुली अर्थव्यवस्था द्वारा सीमापारीय सामाजिक आर्थिक, सांस्कृतिक आवागमन को संदर्भित करता है। बढ़ते साइबर स्पेस ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को तेज किया है।

(उदाहरण मेटावर्स प्रौद्योगिकी का उपयोग करके अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी, मीटिंग, सेमीनार्स में उपस्थिति।)

उभरती प्रौद्योगिकी का वैश्वीकरण पर प्रभाव

- AI, रोबोटिक्स, 3D डिजाइनिंग जैसी उन्नत तकनीकों ने राष्ट्रों के बीच मौन कारक के रूप में कार्य किया है
2. पर्यावरणीय ऊर्जा संरक्षण तकनीकों ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को एकजुट किया
3. स्वास्थ्य संबंधी तकनीकों ने सीमापारीय स्वास्थ्य प्रयासों को बढ़ावा दिया
4. ऑनलाइन लेनदेन व डिजिटल आर्थिक प्रणालियों ने व्यापार-व्यवसाय में स्थान बनाया

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

# भारत और उभरती प्रौद्योगिकी तथा वैश्वीकरण की गति

(1) भारत के पास दुनिया का
- 2.4% भूमि
- 4% जल
- 18% जनसंख्या
- 10% खनिज संसाधन

संसाधन हैं।

संसाधन सीमितता के बावजूद भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था (PPP) है

(2). प्रौद्योगिकी नवाचारों ने भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभारा है

(उदा० वैक्सीन निर्माण हब के रूप में
- वैक्सीन मैत्री पहल
- स्वास्थ्य आपदा अवधारणा (WHO)

(3) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी ने वैश्विक सहयोग
- ISRO व NASA का NISAR प्रोजेक्ट
- भारत-जापान का Lunar 3 मिशन
- भारत का गगन नेविगेशन (1500 km तक दक्षिणपूर्व एशियाई देशों को सहायता)
- गगनयान
  - रूस
  - फ्रांस के साथ सहयोग

(4) नाभिकीय संलयन (ITER) प्रोजेक्ट

अतः प्रौद्योगिकी अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मौन कारक के रूप में उभरी है जिसने वैश्वीकरण को बढ़ावा दिया है (उदा० AI पर ब्लेचले घोषणापत्र)

drishti | दृष्टि The Vision

7. भारत में कृषि वस्तुओं का एक बड़ा वैश्विक निर्यातक बनने की अपार संभावनाएँ हैं। चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

India has tremendous potential in becoming a large global exporter in agricultural commodities. Discuss. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारतीय अर्थव्यवस्था कृषिप्रधान है। भारत फल सब्जी उत्पादन में चीन के बाद दूसरे नम्बर पर तथा भारत कुल खाद्यान्न का लगभग 332 mt उत्पादन कर रहा है (आर्थिक सर्वेक्षण)

भारत कृषि वस्तुओं का शुद्ध निर्यातक बनकर उभरा है। भारत का कृषि निर्यात 100 मिलियन डॉलर के पार है।




(वाणिज्य मंत्रालय)

**कृषि निर्यातक की संभावनाएं**

1. कुल खाद्यान्न उत्पादन 332 mt
2. अण्डा उत्पादन में प्रथम
3. दाल, मिलेट्स (श्रीअन्न), दुग्धउत्पादन में प्रथम
4. मछली उत्पादन में ~~प्रथम~~ द्वितीय
5. गन्ना व चीनी उत्पादन में प्रथम स्थान
6. फल व सब्जी, बागवानी पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक
7. सर्वाधिक जैविक किसान व जैविक खेती में प्रथम

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**चुनौतियाँ**

1. चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान से मिलती कड़ी प्रतिस्पर्धा (उदा० पाक – बासमती चावल; चीन – मछली, फल सब्जी; बांग्लादेश – मछली)
2. WTO तथा EU के फाइटोसैनेटरी गैर टैरिफ प्रणालियां
3. उत्पाद गुणवत्ता निम्न
4. विखंडित खाद्य श्रृंखला → आपूर्ति श्रृंखला से विखंडन
5. अपर्याप्त अवसंरचना (प्रशीतन भण्डारगृहों की कमी)
6. कौशल युक्त मानवसंसाधन की कमी

**सुझाव**

- पर्याप्त गुणवत्ता मानकों को अपनाना (उदा० कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन के सुरक्षा मानक)
- जैविक उत्पादों व जीआई टैग उत्पादों की ब्रांडिंग करना
- खाद्य आपूर्ति श्रृंखला का एकीकरण करना
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा

**सरकारी पहल**

- फूड पार्क योजना
- किसान रेल, कृषि उड़ान योजना
- कृषि निर्यात नीति 2022

निष्कर्षतः भारत कृषि निर्यात को बढ़ाकर (2047 तक विकसित भारत लक्ष्य प्राप्ति की) दिशा में बढ़ सकता है

drishti | दृष्टि The Vision

8. संवहनीय कृषि पद्धतियों के संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य के महत्त्व पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

Discuss the significance of soil health in the context of sustainable agricultural practices. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

संधारणीय कृषि, प्राकृतिक व परम्परागत कृषि प्रथाओं को संबोधित करती है जिनमे जलदक्षता तथा मृदा दक्षता को अपनाकर कृषि उत्पादन किया जाता है

(उदा० जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग)

ICAR के अनुसार देश में 25% भूमि खराब गुणवत्ता वाली है लगभग 30% भूमि मरुस्थलीकरण की ओर है। स्वास्थ्य व संधारणीय कृषि अपनाकर भूमि प्रदूषण को रोका जा सकता है

| संधारणीय कृषि | मृदा स्वास्थ्य |
| --- | --- |
| ① जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग<br>→ कृषि जुताई नहीं<br>→ रासायनिक उर्वरक उपयोग नहीं | → मृदा की उत्पादकता व ह्यूमस में वृद्धि<br>→ मृदा में रासायनिक प्रदूषण में कमी |
| ② प्राकृतिक कृषि<br>→ जीव मृत<br>पंचामृत<br>मल्चिंग अपनाना | → मल्चिंग से मिट्टी में ऑक्सीजन व नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है<br>⇓<br>मृदा मरुस्थलीकरण कम होगा |

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

| | |
|---|---|
| (3) जैविक कृषि<br>— जैविक खाद<br>पशुमल / कृषि अपशिष्ट / सूक्ष्मजीवों द्वारा | → मृदा की जलधारण क्षमता में वृद्धि<br>→ उर्वरक प्रदूषण की कमी<br>— लीचिंग की समस्या का समाधान |
| (4) टपकन सिंचाई कृषि | → मृदा की प्राकृतिक जलधारण क्षमता में सुधार |
| (5) फसल विविधीकरण व सस्यावर्तन अपनाना | — मृदा रेस्टोरेशन को बढ़ावा<br>⇓<br>प्राकृतिक उत्पादन शक्ति में वृद्धि |

चुनौतियाँ
- → फसल विविधीकरण में कमी (MSP द्वारा)
- — मोनोकल्चर में वृद्धि
- → जैविक कृषि → कम क्षेत्र में व कम किसानों द्वारा किया जाता
  - ↳ (खाद्य सुरक्षा चुनौती)
- → किसानों में जागरूकता अभाव

आगे की राह
- संधारणीय कृषि करने वाले कृषकों को प्रोत्साहन
- ऋण व संस्थागत वित्त तक पहुँच
- मृदा जांच हेतु परीक्षणशालाओं का विकास
- FPO तथा PACS को बढ़ावा
- कृषि विश्वविद्यालयों को किसानों से जोड़ना

अतः संधारणीय कृषि प्रणाली अपनाकर भारत 2030 के SDG लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है।

9. लाभों, चुनौतियों एवं पर्यावरणीय प्रभावों के संदर्भ में अपतटीय और तटीय पवन ऊर्जा की तुलना कीजिये। (150 शब्द) 10

Compare and contrast offshore and onshore wind energy in terms of their benefits, challenges, and environmental impacts. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

पवन ऊर्जा को नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के रूप में परिभाषित किया गया है। भारत की ऊर्जा बास्केट में पवन ऊर्जा का 4 स्थान है तथा लगभग 5-6% के बीच है।





पवन ऊर्जा क्षेत्र

| तटीय ऊर्जा | अपतटीय ऊर्जा |
|---|---|
| लाभ: विद्युत स्थानांतरण आसान; अवसंरचना लागत कम | लाभ: सतत हवा की आपूर्ति, ऊर्जा निर्बाध रूप से; भूमि अधिग्रहण की समस्या नहीं |

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**चुनौतियाँ** –
- तटीय
  - हवा का स्थिर प्रवाह उपलब्ध नहीं
  - भूमि अधिग्रहण का मुद्दा
    कृषि योग्य या गैर कृषि योग्य भूमि का उपयोग
- अपतटीय
  - प्रौद्योगिकी महंगी, लागत अधिक
  - ऊर्जा स्थानांतरण व भण्डारण की समस्या

**पर्यावरणीय प्रभाव** –
- सकारात्मक
  - ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में सहायक
  - हरित ऊर्जा लक्ष्यों की प्राप्ति
  - कोई प्रदूषण नहीं
- नकारात्मक
  - पक्षियों का टकराना व उनके दिशा में अवरोध
    (उदा. गुजरात में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड)
  - समुद्री जीवन पर प्रभाव
    - अवसंरचना निर्माण में कोरल रीफ को खतरा
    - मछलियों के स्वास्थ्य प्रभावित

अतः भारत SDG लक्ष्य 7 स्वच्छ ऊर्जा की प्राप्ति हेतु नॉर्वे, फिनलैंड जैसे देशों के साथ पवन ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा दे सकता है।

drishti | दृष्टि The Vision

10. एक सुपरिभाषित राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यनीति (NSS) समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में किस प्रकार योगदान दे सकती है? भारत के लिये एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यनीति के महत्त्व पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

How can a well-defined National Security Strategy (NSS) contribute to addressing contemporary security challenges? Discuss the significance of having a comprehensive National Security Strategy (NSS) for India. (150 words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ बहुआयामी है जिनसे निपटने हेतु राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यनीति प्रभावी उपाय साबित हो सकती है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियाँ**

1. आतंकवाद का बढ़ता प्रभाव
2. गोल्डन ट्रायंगल व गोल्डन क्रिसेंट के मध्य अवस्थिति — ड्रगिंग — मानव, वन्यजीव, धन, हथियार, मादक पदार्थ — तस्करी — संगठित अपराध को बढ़ावा देती है
3. आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियाँ — उग्रवाद — नक्सलवाद — नृजातीय हिंसा — सम्प्रदायवाद
4. आर्थिक सुरक्षा व अस्थिरता
5. साइबर सुरक्षा चुनौतियाँ




अतः भारत की व्यापक सुरक्षा आवश्यकताओं को देखते हुए एक स्पष्ट सुरक्षा रणनीति चुनौतियों से निपट सकती है

drishti | दृष्टि The Vision

11. विश्व के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में से एक होने के बावजूद, कृषि निर्यात के मामले में भारत का श्रेणीक्रम निम्न है। इस संदर्भ में, भारत में फसलोपरांत हानियों की समस्या पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि विकास के समक्ष विद्यमान समस्याओं पर चर्चा कीजिये। (250 शब्द) 15

Despite being one of the largest agricultural producers in the world, India ranks much lower in terms of agricultural exports. In this context, address the issues faced in agricultural growth with special focus on the problem of post-harvest losses in India. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के अनुसार भारत का कृषि उत्पादन 332 MT है जबकि वैश्विक कृषि निर्यात में भारत की भागीदारी (4-5%) तक बनी हुई है। वाणिज्य मंत्रालय ने कृषि निर्यात बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय कृषि निर्यात नीति 2022 लॉन्च की है।

भारत की उत्पाद संभावना:
- खाद्यान्न उत्पादन 332 mt
- दुग्ध उत्पादन में प्रथम
- सब्जी, फल, बागवानी उत्पादन में दूसरा स्थान
- मत्स्य उत्पादन में तीसरा
- दाल, श्री अन्न में प्रथम
- जैविक पदार्थों के उत्पादन में प्रथम
- गन्ना व चीनी उत्पादन में प्रथम

उपरोक्त संभावना के बावजूद भारत की खराब आपूर्ति श्रृंखला व निम्न अवसंरचना विकास के चलते कृषि उत्पादन निम्न बना हुआ है।

drishti | दृष्टि The Vision

फसल उपरांत हानियाँ समस्या

1. शांताकुमार समिति के अनुसार भारत में उत्पाद भण्डारण के अभाव में प्रतिवर्ष 30% खाद्यान्न खराब हो जाता है।

2. अशोक दलवाई समिति के अनुसार भारत खाद्यान्न हानि को रोक कर उपभोक्ताओं को 40% कम कीमतों पर खाद्यान्न उपलब्ध करा सकता है।

3. नीति आयोग के अनुसार FCI के पास 35-40% ही अनाज भण्डारण की सुविधा है जबकि केंद्रीय गोदामों व राज्य सरकार के गोदामों के पास लगभग 50-60% भण्डारण क्षमता है।

5. किसानों के पास निजि उपयोग हेतु 70% भण्डारण क्षमता

6. फसल पश्चात हानि इसलिए भी बनी हुई है कि निजि क्षेत्र का कृषि में निवेश केवल 2% है।

7. आपूर्ति श्रृंखला का खराब प्रबंधन

8. मंडियों में खुले व तिरपाल के नीचे भण्डारण

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

सुझाव व आगे की राह

शांता कुमार सिफारिशों को लागू करना
1) भण्डारण गृह की स्थापना उन स्थानों पर हो जहाँ किसान MSP से नीचे फसल बेच रहे हैं।
(2) आपूर्ति श्रृंखला का एकीकरण
(3) ग्राम सड़क, परिवहन योजनाओं का विस्तार
(4) फॉर्म टू फोर्क प्रबंधन में तकनीक का प्रयोग
(5) राज्य सरकारों की भण्डारण क्षमताओं का विस्तार
(6) PACS तथा FPO संगठनों में वृद्धि करना
(उदा. PACS द्वारा राशियां मीलन की भण्डारण परियोजना)

भारत सरकार की पहलें
(1) किसान रेल व कृषि उड़ान योजना
(2). PM ग्राम सड़क योजना
(3). फूड पार्क
(4) 1.2 लाख PACS सोसायटी का गठन (वर्ष 2022-23)
(5). e-NAM तथा eNWR को बढ़ावा

अतः उचित श्रृंखला प्रबंधन तथा भण्डारण क्षमता को बढ़ाकर भारत किसानों की आय दोगुनी करने के साथ-साथ कृषि स्थिति को बढ़ा सकता है

12. वंचित आबादी तक डिजिटल भुगतान सेवाओं के विस्तार से संबद्ध चुनौतियों का परीक्षण कीजिये और डिजिटलीकरण के माध्यम से वित्तीय समावेशन के संवर्द्धन हेतु कार्यनीतियाँ प्रस्तावित कीजिये। (250 शब्द) 15

Examine the challenges of extending digital payment services to underserved populations and propose strategies to enhance financial inclusion through digitization. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वित्तीय समावेशन को विश्व बैंक द्वारा वंचित समुदायों तक बैंकिंग सेवाओं तथा औपचारिक वित्तीय सेवाओं के विस्तार के रूप में परिभाषित किया है। भारत में UPI वित्तीय समावेशन का प्रमुख उपकरण बनकर उभरा है (उदा० प्रधानमंत्री जनधनयोजना)




डिजिटल भुगतान संबंधी चुनौतियां

(1) डिजिटल साक्षरता का अभाव
(उदा० ग्रामीण — 18%
शहरी → 47%)
(आर्थिक सर्वे 2023)

(2) डिजिटल उपकरणों व इंटरनेट तक असमान पहुंच
(उदा० शहरों में 67%
ग्रामीण — 44%)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

चुनौतियाँ
- डिजिटल भुगतान सेवाओं में अंग्रेजी भाषा की प्रभुत्व — भाषाई चुनौती
- डिजिटल डिवाइड
- साइबर संबंधी चुनौती
  - डिजिटल फ्रॉड
  - डाटा चोरी
  - वित्तीय धोखाधड़ी
- ग्रामीण क्षेत्रों में धीमी इंटरनेट
- बैंकिंग अवसंरचना की कमी

**सरकारी पहल**

1. JAM त्रिमूर्ति तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना (82% वंचित परिवारों के पास बैंक खाता)
2. भारतनेट परियोजना तथा फाइबराइजेशन
3. PM वाणी - फ्री वाई-फाई
4. डिजीटल बैंकिंग यूनिट की स्थापना (बजट 2022 75 DBU की घोषणा)
5. भीम UPI का विस्तार
   - (87% छोटे-व मझोले ट्रांजेक्शन)
   - 85% दुकानदारों के पास UPI सुविधा)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**आगे की राह**

- डिजिटल सेवाओं का विस्तार क्षेत्रीय भाषाओं में
- डिजिटल डिवाइड व असमानता कम करना
- डिजिटल शिक्षा व जागरूकता बढ़ाना
- ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार
- साइबर सुरक्षा व निजता सुरक्षा सुदृढ़ता
- गरीबी उन्मूलन, रोजगार, उद्यमिता का विस्तार करना

निष्कर्षतः भारत अपनी वंचित आबादी तक आर्थिक सेवाओं का विस्तार करके 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की महत्वाकांक्षा पूरी कर सकता है

13. हाल में प्रवाल विरंजन की परिघटनाएँ चिंताजनक स्थिति का संकेत हैं। प्रवाल विरंजन की परिघटना के पश्च में निहित कारणों की व्याख्या कीजिये। इस समस्या से निपटने के क्या उपाय हैं? (250 शब्द) 15

The recent episodes of coral bleaching are signs of an alarming situation. Explain the reasons behind the phenomenon of coral bleaching. What are the ways to tackle this problem? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

प्रवाल विरंजन, कोरल रीफ द्वारा जूजैन्थिलाई सूक्ष्मजीव से अपना सहजीविता का संबंध तोड़ लेना है इसके पीछे मुख्य वजह समुद्री प्रदूषण, समुद्री अम्लन तथा तापमान व लवणता में वृद्धि रहे हैं। जिसके प्रभाव में कोरलरीफ का रंग सफेद हो जाता है

WWF की "लिविंग प्लैनेट" रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर की लगभग 90% प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने की कगार पर है




प्रवाल विरंजन कारण
- समुद्री जलस्तर का बढ़ना
- समुद्रों में $CO_2$ की मात्रा बढ़ना
- समुद्री लवणता ↑
  - → प्रवाल का मृत हो जाना
- प्रदूषण → यूट्रोफिकेशन → मास महामृत्यु

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

अन्य कारण →

- समुद्री खनन → आस्ट्रेलिया, तटों पर समुद्री खनन ने 40% प्रवाल आबादी को कम कर दिया है
- जलवायु परिवर्तन → ग्लोबल वार्मिंग → ग्लेशियर पिघलना → जलस्तर ↑ → $CO_2$ व लवणता में वृद्धि → प्रवाल व शैवाल का संबंध टूटना → प्रवाल महामृत्यु
- समुद्री परिवहन

प्रवाल का महत्व

- औषधीय महत्व (कैंसर-कोलेस्ट्रॉल की दवाओं में उपयोग)
- समुद्री वर्षा वन की तरह लगभग 50% समुद्री जीवों का आवास
- मछलियों का प्रजनन हेतु आवास
- समुद्री अवसंरचना का निर्माण; उदा॰ लक्षद्वीप-प्रवाल द्वीपों से बना है
- प्राकृतिक सौंदर्य का महत्व

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

समस्या से निपटने के उपाय

- कोरल रीफ इनीशिएटिव 'अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क' है जो कोरल बचाव हेतु कार्य करता
- जलवायु परिवर्तन शमन व अनुकूलन रणनीति अपनाना
- अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन का "पोलर कोड" लागू करना
- ग्लोबल वार्मिंग की दिशा में IPCC रणनीतियों व पेरिस फ्रेमवर्क पर कार्य करना
- समुद्री तटों की सुरक्षा
- ओवरफिशिंग का नियमन (WTO सब्सिडियों का विनियमन)
- समुद्री खनन, प्रदूषण, यूट्रोफिकेशन की रोकथाम
- बायोटेक प्रौद्योगिकी अपनाकर कोरल रेस्टोरेशन को बढ़ावा

अतः कोरल रीफ समुद्री प्रदूषण के विरुद्ध सबसे सुभेद्य संसाधन हैं। उचित रणनीतियां अपनाकर (कोरल विरंजन) की घटनाओं को रोका जा सकता है।

drishti | दृष्टि The Vision

14. जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार खतरे का सामना कर रहे मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के लिये हम क्या कदम उठा सकते हैं? इनके संरक्षण के लिये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आरंभ की गई कुछ पहलों का भी उल्लेख कीजिये?

(250 शब्द) 15

What steps can we take to protect mangrove ecosystems, which are increasingly threatened by climate change. Also mention some initiatives at national and international level to support their conservation?

(250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

आधिक मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया के सबसे ~~...~~ प्रजातियों के ~~आवासी~~ आवास हैं। लगभग 60% प्रजातियां मैंग्रोव वनों पर निर्भर रहती हैं। मैंग्रोव वन लवणयुक्त छिछले जल में उगने वाली पादप प्रजातियां हैं।

मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र का महत्व

- सागरीय लवणता के नियंत्रक
- पर्यावरणीय
  - विविध प्रजातियों का आवास
  - प्रदूषक नियंत्रक
  - पृथ्वी की किडनी
- आपदा अवरोधक सुरक्षा दीवार की तरह
- औषधियों की प्रचुरता
  - लगभग 20% जड़ीबूटियों की प्राप्ति
- प्रदूषित वायु को शुद्ध करना

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र पर खतरा**

- **जलवायु परिवर्तन**
  - ग्लोबल वार्मिंग ↑ → ग्लेशियरों का पिघलना → समुद्री जलस्तर में वृद्धि → मैंग्रोव वनों का डूबना
  - चरम मौसमी चक्र → मैंग्रोव प्रजनन पर नुकसान
- तटीय खनन व अनाधारणीय तटीय अवसंरचनाओं का निर्माण
- अनाधारणीय समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु → तटों की सफाई व होटल निर्माण
- वनोन्मूलन

**उपाय**

- **अंतर्राष्ट्रीय**
  - अंतर्राष्ट्रीय "मैंग्रोव अलायंस"
  - मैंग्रोव फॉर फ्यूचर पहल
  - UNEP का 30X30 रेस्टोरेशन लक्ष्य (2030) तक 30% समुद्री व मैंग्रोव तंत्र की पुनर्प्राप्ति
- **राष्ट्रीय**

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

राष्ट्रीय पहल

1. भारत "अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव अलायंस" का हिस्सा है
2. भारत ने तटीय क्षरण को रोकने हेतु राष्ट्रीय कोस्टल रेगुलेशन 2019 रणनीति (CRZ I, CRZ II, CRZ III, CRZ IV)
3. मिशन लाइफ - पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली
4. 2030 तक 30% मैंग्रोव वनों की वापसी (ISFR वन सर्वेक्षण रिपोर्ट भारत में मैंग्रोव वन वृद्धि 0.49%)

आगे की राह

- संधारणीय विकास प्रथाओं को अपनाना
- जलवायु कार्रवाई प्रतिबद्धताओं को पूरा करना
- सामुदायिक भागीदारी बढ़ाकर 'वन संरक्षण'

अतः जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु मैंग्रोव वन प्रजाति संसाधन है इनका संरक्षण करना लाभदायक है

15. तकनीकी वस्त्र बाज़ार में भारत की वैश्विक स्थिति को सुदृढ़ करने में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के महत्त्व पर चर्चा कीजिये। भारत में इस क्षेत्र के समक्ष कौन-सी प्रमुख चुनौतियाँ विद्यमान हैं? (250 शब्द) 15

Discuss the significance of the National Technical Textiles Mission in enhancing India's global position in the technical textiles market. What are the key challenges faced by this sector in India? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

तकनीकी वस्त्रों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। भारत की इस क्षेत्र में भागीदारी निम्न है। भारत ने अपनी निर्यात क्षमता बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन की घोषणा बजट (2022-23) में की थी।

तकनीकी वस्त्र वैज्ञानिक व एस्ट्रोनेट कपड़े, बुलेटप्रूफ सैन्य वस्त्र, औद्योगिक कारखानों में कर्मचारियों के ड्रेस तथा खेल जगत हेतु आदि वस्त्रों को रेखांकित करते हैं।



drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**चुनौतियाँ**

- तकनीकी चुनौतियाँ – Armament तथा अन्य वैज्ञानिक वस्त्र निर्माण हेतु तकनीकी कमी (उदा॰ DRDO व इसरो द्वारा इस दिशा में कार्य किया जा रहा है)
- मानव संसाधन → विश्वविद्यालय व उद्योगों के बीच अंतराल; कौशल युक्त मानव पूंजी का अभाव
- अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा – चीन, फ्रांस, रूस } तकनीकी वस्त्र निर्माण के वैश्विक अग्रणी
- शोध व अनुसंधान की कमी
- निजी क्षेत्र की कम भागीदारी

**आगे की राह व समाधान**

- अंतर्राष्ट्रीय / वैश्विक मानकों को अपनाना – जापान, दक्षिण कोरिया तथा जर्मनी जैसे देशों के साथ सहयोग
- DRDO की क्षमताओं में विस्तार करना
- शोध अनुसंधान को बढ़ावा देना
- 3D डिजाइनिंग तकनीक अपनाना

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

अतः भारत तकनीकी वस्त्रों का निर्माण कर घरेलू जरूरतों की पूर्ति करने के साथ-साथ वैश्विक आपूर्तिकर्ता बन सकता है।

16. ट्रांस-फैट क्या हैं? इनसे संबद्ध स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर चर्चा कीजिये और बताइये कि इनके उपभोग को सीमित करने के लिये कौन-से कदम उठाए जा रहे हैं? (250 शब्द) 15

What are Trans-fats? Discuss the health concerns associated with them and what steps are being taken to limit their consumption? (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

ट्रांस फैट असंतृप्त हाइड्रोजनीकृत होते हैं जो वानस्पतिक तेलों, पशु वसाओं आदि से प्राप्त होते हैं (उदा॰ घी, तेल आदि)



drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

## उपभोग सीमित करने के उपाय

① FSSAI ने उत्पादों के लिए ट्रांस फैट की मात्रा निश्चित की है

② WHO ने अपनी रणनीति में 2030 तक ट्रांस फैट उपयोग का उन्मूलन का लक्ष्य रखा है।

③ भारत सरकार ने ट्रांस फैट उपभोग रणनीति अपनायी है
- वानस्पतिक ऑयल में पाम ऑयल की मात्रा बढ़ाना
- तिलहन मिशन → सरसों तेल उपभोग का विनियमन

④ जागरूकता अभियान
→ स्वास्थ्य संगठनों, NGO, मीडिया द्वारा ट्रांस फैट उपभोग के नुकसान में व्यापक जागरूकता

⑤ श्री अन्न (मिलेट्स) तथा स्वास्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना

⑥ हरी सब्जियों दानेदार प्रोटीनयुक्त अनाजों को बढ़ावा

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

अतः द्रोन लेसर का उपयोग करके भारत अपनी आबादी को स्वस्थ रख सकता है तथा गैर संचारी रोगों का बोझ कम कर सकता है।

17. भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की व्यापकता एवं महत्त्व पर विस्तृत चर्चा कीजिये। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की चुनौतियों को संबोधित करने के लिये भारत सरकार द्वारा कौन-से नीतिगत उपाय किये गए हैं? (250 शब्द) 15

Elaborate the scope and significance of the food processing industry in India. What are the policy measures taken by the government of India to meet the challenges of the food processing sector. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एक सनराइज सेक्टर है जिसने कृषि उत्पादों में मूल्यवृद्धि करके उनकी 'शेल्फ लाइफ' बढ़ाना तथा निर्यात को प्रोत्साहन देना है।

FPI महत्व

1. विस्तृत व्यापार क्षमता
2. रोजगार उपलब्धता
   40 million
3. निर्यात क्षमता
   कृषि निर्यात का 40%
4. खाद्य सुरक्षा में वृद्धि
5. कृषि GDP में 25% योगदान
6. प्रतिवर्ष CAGR रेट लगभग 10%



drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

## भारत में व्यापक संभावना

1) 2030 शहरी आबादी 40% होने की संभावना
2). दुग्ध उत्पादन में प्रथम
3). मत्स्य उत्पादन में तृतीय } स्थान
4). फल, बागवानी, सब्जी में चीन के बाद दूसरा स्थान
5) 332 MT खाद्यान्न उत्पादकता

**चुनौतियाँ**

- भण्डारण, प्रशीतन अवसंरचना का अभाव
- 90% खाद्य प्रसंस्करण अनौपचारिक ईकाई द्वारा
- 70% खाद्य प्रसंस्कृत ईकाई ग्रामीण क्षेत्र (आर्थिक सर्वे 2023)
- आपूर्ति श्रृंखला का विखण्डन
- डाउनस्ट्रीम व अपस्ट्रीम बाधाएं
  - कच्चा माल उपलब्धता
  - प्रौद्योगिकी उपलब्धता
  - बाजार पहुँच
  - कॉर्पोरेट
- कुशल मानव संसाधन का अभाव
- WTO व यूरोपीयन देशों द्वारा (फायटोसैनेटरी नॉन टैरिफ बाधाएं)

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**समाधान**

- अवसंरचना विकास — प्रशीतन, भण्डारगृहों का निर्माण
- फॉर्म टू फोर्क हेतु एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला
- शोध अनुसंधान को बढ़ावा
- कौशल विकास को बढ़ावा
- गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करना
- सहकारिता को बढ़ावा

**प्रमुख सरकारी पहलें**

- किसान रेल व कृषि उड़ान योजना
- मत्स्य संपदा योजना
- डेयरी विकास कोष
- फूडपार्कों का निर्माण

अतः खाद्य प्रसंस्करण उद्योग ग्रामीण भारत के साथ - साथ भारत की आर्थिक वृद्धि का वाहक बनकर उभरा है।

18. हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के पश्च में निहित कारणों और उनके संभावित प्रभावों पर विचार कीजिये। इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिये अपनाई जा सकने वाली संवहनीय शमन कार्यनीतियों के सुझाव प्रदान कीजिये।

(250 शब्द) 15

Examine the reasons behind the rising occurrence of landslides in the Himalayan region and their potential impacts. Suggest sustainable mitigation strategies that could be adopted to tackle this escalating issue.

(250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भारत का 12% क्षेत्र ~~[struck]~~ भूस्खलन प्रवण क्षेत्र में आता है। हाल के दिनों में हिमालयी क्षेत्रों में भूस्खलन की तीव्रता बढ़ी है।



भूस्खलन संभावित क्षेत्र

कारण

- प्राकृतिक
  1. भारतीय प्लेट का उत्तर की ओर बढ़ना ↓ यूरेशियन प्लेट से टकराना
  2. भूकम्प, बाढ़, ~~[struck]~~ ग्लेशियर झील के आउटबर्स्ट
- मानवीय
  1. अवसंरचना निर्माण (उदा. पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क व सुरंग निर्माण)
  2. असंधारणीय विकास पद्धति
  3. जनसंख्या दबाव
  4. वनोन्मूलन तथा झूम कृषि प्रथाएं
  5. जलागारों का निर्माण

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

रोकने के उपाय

- NDMA के दिशानिर्देश अपनाना
  - अवसंरचना निर्माण से पहले
- (2) जलधारणीय हान आकलन
  - ऐसा विनाश व पर्यटन अपना
- (3) प्रभावी शमन उपाय व स्थानीय आबादी का क्षमता निर्माण
- (4) GIS भौगोलिक प्रणाली का उपयोग
- (5) सुरक्षित संरचना निर्माण
  - पूर्व चेतावनी प्रणाली लागू करना
- (6) वनीकरण करना
  - (CAMPA फंड का उपयोग
- (7) वैश्विक प्रथाओं को अपनाना
  - (उदा॰ कोलम्बिया कुली की रणनीतियाँ

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

19. सीमा-पार घुसपैठ के प्रति सुभेद्यता को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में विद्रोह की लगातार घटनाओं के पश्च में निहित प्राथमिक कारण माना जा सकता है। टिप्पणी कीजिये। (250 शब्द) 15

Vulnerability to cross border infiltration can be termed as the primary reason behind frequent insurgencies in North-eastern region of India. Comment. (250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत की सीमा 7 देशों से लगती है। पूर्वोत्तर की सीमा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार से लगती है जो पूर्वोत्तर की सीमा सुरक्षा चुनौतियां को बढ़ाती है

सीमा चुनौतियां

(1) छिद्रित व पोरस सीमायें
↓
आवाजाही सुगम

(2)

तस्करी
- हथियार
- मानव
- ड्रग, मादक
- वन्यजीव

अवैध अप्रवासन
- बांग्लादेशी (मुसलमान)
- म्यांमार (रोहिंग्या)



drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(3) · सांस्कृतिक व नृजातीय संघर्ष

उपाय —
- तकनीकी सुरक्षा प्रबंधन
- सैन्य रणनीतियां
- → सीमाओं को कटीली तारों व दीवार से घेरना
- CCTV व ड्रोन निगरानी

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

20. वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) धनशोधन और आतंकवादी वित्तपोषण से निपटने के लिये वैश्विक मानकों के निर्माण को किस प्रकार आकार प्रदान करता है? इसके कार्यकरण को सुदृढ़ करने के उपाय संबंधी सुझाव प्रदान कीजिये।

(250 शब्द) 15

In what ways does the Financial Action Task Force (FATF) shape the creation of global standards for combating money laundering and terrorist financing? Suggest measures to strengthen its functioning.

(250 words) 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**

drishti | दृष्टि The Vision

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**

**Space for Rough Work**

**( रफ कार्य के लिये स्थान )**